सातूं-आठूं: बिरुड़ों से किया गौरा-महेश का वंदन

हल्द्वानी में घरों-मंदिरों में गूंजे लोकगीत, महिलाओं ने दुर्वाधागा धारण कर पूजन किया

लोकपर्व

हल्द्वानी, संवाददाता। कुमाऊं के सातूं-आठूं लोकपर्व को महिलाएं धूमधाम से मना रही हैं। गुरुवार को दुर्वाष्टमी के अवसर पर महिलाओं ने पहले तो घरों-मंदिरों में बिरुड़ों से गौरा-महेश्वर की पूजा की। इसके बाद दुर्वाधागे की प्राण प्रतिष्ठा की और पवित्र सूत्र को गले में धारण किया। इस दौरान पुरोहितों ने पूजा-पाठ की।

गुरुवार को आवास विकास स्थित पंचेश्वर मंदिर, तारकेश्वर महादेव मंदिर और भोटियापड़ाव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महिलाओं ने बिरुड़ चढ़ाकर गौरा-महेश की विधि-विधान से पूजा की। महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोकगीत गाए और झोड़ा नृत्य किया। ज्योतिषाचार्य डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि डोर धागा दुर्वाष्टमी पर धारण किया जाता है। इसके अलावा जो बिरुड़े भिगाए गए थे, उनसे गौरा-महेश की पूजा की गई। साथ ही प्रसाद चढ़ाया गया। पुरोहित के मुताबिक कई जगहों पर जैसे छड़ायच, देवलचौड़ में गौरा-महेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया है लेकिन अधिकांश जगहों पर शुक्रवार यानि आज विसर्जन किया जाएगा। मंदिरों में पूजा करने वालों में कमला जोशी, गंगा जोशी, राधिका रौतेला, ममता शर्मा, बेला भंडारी, विद्या देवी, कलावती, चंपा और आनंदी मेहरा समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

लालकुआं में गुरुवार को सातूं-आठूं पर्व पर गौरा-महेश्वर की प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ● हिन्दुस्तान

रिवर वैली में श्रद्धा के साथ मनाया सातूं-आठूं पर्व: हल्द्वानी। रिवर वैली स्थित मां भगवती मंदिर में लोकपर्व सातूं-आठूं (गौरा-महेश्वर उत्सव) को श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलोनी की मातृशक्ति ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां गौरा एवं महेश्वर की प्रतीकात्मक प्रतिमाएं धान, जौ एवं अन्य अनाजों की बालियों से तैयार कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दीपा भट्ट, भावना डांगी, रेनू पाठक, रेवती सामंत, भावना सामंत, तारा जोशी, मीनाक्षी पांडे, राधा पोखरिया, गीता देउपा, गंगा बिष्ट, सरस्वती डांगी, विमला मेहता, हीरा अधिकारी, धनुली देवी आदि रहीं।

लालकुआं में गौरा-महेश की शोभायात्रा निकली, विसर्जन

लालकुआं, संवाददाता। कुमाऊं के पारंपरिक लोकपर्व सातूं-आठूं पर गुरुवार को नगर में भक्ति और सांस्कृतिक रंगों की अनूठी छटा बिखरी। 5 दिनों से चल रहे इस धार्मिक महोत्सव का समापन भगवान महेश और माता गौरा के विधिवत विवाह और प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ।

वार्ड नंबर-6 में सभासद दीप्ति पांडे के आवास पर सुबह से ही अनुष्ठान का दौर शुरू हुआ। सैकड़ों महिलाओं की मौजूदगी में पुरोहितों ने गौरा-महेश का विवाह संपन्न कराया। शाम को वार्ड नंबर-2 से प्रतिमाओं के साथ एक मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए संजय नगर स्थित फलाहारी बाबा मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान ढोल-दमाऊ और पर्वतीय वाद्य यंत्रों की थाप पर महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में विधि-विधान से गौरा-महेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में दीप्ति पांडे, गीता भट्ट, दीपा लोटनी, नीमा पांडे, दीपा पांडे, भगवती भट्ट, चम्पा बिष्ट, शोभा जोशी, चंद्रा कौर, गीता मेहरा, मीना रावत, रश्मि कबडवाल, मीरा बोरा, दीपा खाती, पुष्पा भट्ट, गीता पांडे, यमुना नैनवाल, रजनी भंडारी, रेखा यादव, मीनू रहीं।

गिरिजा विहार कॉलोनी में धूमधाम से मनाया पर्व

हल्द्वानी। कमलुवागांजा स्थित मां गिरिजा विहार कॉलोनी में एडवोकेट किशोर कुमार पंत के आवास पर कॉलोनी की महिलाओं ने सातूं-आठूं पर्व मनाया। पुरोहित महेश जोशी ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। महिलाओं ने पारंपरिक बणभार कथा का श्रवण किया। यहां गीता पंत, दीना पंत, दीपा पंत, लीला पंत, सोनी पंत, चंद्रा जोशी, पूजा जोशी, गंगा जोशी, तारा कार्की, भवानी व्यास, सुनीता राय आदि रहीं।

ऐप पर आभूषण की फोटो-वजन भी दिखेगा

हल्द्वानी, संवाददाता। भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा कार्यालय की ओर से हल्द्वानी में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक ज्वैलर्स ने भाग लिया। बीआइएस देहरादून के निदेशक एवं प्रमुख हेमंत बी. आडे और हॉलमार्किंग अधिकारी सचिन चौधरी ने हॉलमार्किंग की नई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

हेमंत ने बताया कि अब बीआइएस ऐप पर हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण की फोटो और वजन की जानकारी भी उपलब्ध होगी। इससे ग्राहक खरीदे गए आभूषण की जानकारी का सत्यापन कर सकेंगे। वहीं, सचिन चौधरी ने बताया कि चांदी के हॉलमार्क आभूषणों के लिए छह अंकों की एचयूआइडी व्यवस्था शुरू की गई है। इससे चांदी के आभूषणों की प्रामाणिकता भी ऐप से जांची जा सकेगी। दर्जाधारी व व्यापार मंडल प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं सर्राफा एसो. के संरक्षक राजेश अग्रवाल, सर्राफा बाजार अध्यक्ष हेम प्रकाश वर्मा मौजूद रहे। अधिकारियों ने ज्वैलर्स से बीआइएस मानकों और हॉलमार्किंग प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

शिविर में 37 लोगों ने किया रक्तदान

हल्द्वानी। आईटी कंपनी आईश्योरमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने हल्द्वानी सिटी ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया।

इस दौरान 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कंपनी के संस्थापक हरीश पांडे ने कहा कि भविष्य में भी सामाजिक पहल जारी रहेगी। कंपनी उत्तराखंड के स्थानीय युवाओं को आईटी, एआई और डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में निशुल्क इंटर्नशिप व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम कर रही है।

आइस स्पोर्ट्स में एक भी आवेदन नहीं

हल्द्वानी, वरिष्ठ संवाददाता। राज्य खेल विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया में आइस स्पोर्ट्स पाठ्यक्रम के लिए एक भी छात्र ने पंजीकरण नहीं कराया है। वहीं, स्पोर्ट्स जर्नलिज्म में भी महज दो छात्रों ने ही रुचि दिखाई है। ऐसे में इन दोनों पाठ्यक्रमों के संचालन को लेकर संकट खड़ा हो गया है।

विवि में कुल 300 सीटों के सापेक्ष 457 पंजीकरण हुए लेकिन फीस सिर्फ 138 ने ही फीस जमा की है। एक वर्षीय 'डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग के 9 अलग-अलग खेलों में 80 आवेदन आए हैं। चार वर्षीय 'बैचलर ऑफ स्पोर्ट्स साइंस' के लिए 38, 'बैचलर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट' के लिए 18 आवेदन मिले हैं। सहायक विशेष अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि पंजीकरण अग्रिम आदेश तक जारी रहेगा। शुक्रवार को कुलपति अमित सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसमें आवेदनों की स्थिति और आगामी शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों व व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा होगी।

हाईटेक क्लासरूम में तकनीक आधारित पढ़ाई

खेल विवि में हाईटेक क्लासरूम तैयार किए जा रहे हैं। इनमें स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल डिस्प्ले, प्रोजेक्टर और ऑडियो-विजुअल सिस्टम लगाए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को डिजिटल कंटेंट, वीडियो और ग्राफिक्स के माध्यम से खेल विज्ञान व खेल प्रबंधन के तकनीकी और वैज्ञानिक पहलू समझाए जाएंगे। इंटरनेट आधारित शिक्षण की भी पूरी व्यवस्था रहेगी। इन दिनों कक्षाओं का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है।

शहर 30s

हल्द्वानी में गुरुवार को माहेश्वरी महिला समिति का तीजोत्सव कार्यक्रम हुआ। हिन्दुस्तान

सविता और अलका बनीं तीज क्वीन

हल्द्वानी। माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से गुरुवार को हरियाली तीज महोत्सव होटल में धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष सुजाता माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में तीज क्वीन का खिताब सविता लाहोटी और अलका माहेश्वरी के नाम हुआ। खेलो में सोनम माहेश्वरी प्रथम, सुकृति माहेश्वरी द्वितीय और आकांक्षा माहेश्वरी तीसरे स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि वैश्य महिला समिति की अध्यक्षा राशि जैन, संरक्षिका सविता लाहोटी, महामंत्री रश्मि गुप्ता, वैश्य महिला समिति की कोषाध्यक्ष ज्योति देवल, कोषाध्यक्ष सोनम माहेश्वरी आदि मौजूद रहीं।

आवासीय खेल छात्रावास के ट्रायल सितंबर में

हल्द्वानी। राज्य के विभिन्न स्थानों में स्थित आवासीय खेल छात्रावास के लिए हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में 9 और 10 सितंबर को जनपद स्तरीय ट्रायल होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि सफल खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। आयु 1 जुलाई 2026 को 16 वर्ष से कम होना अनिवार्य है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपने साथ स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और पहचान पत्र की छायाप्रति जमा करानी होगी। ट्रायल से संबंधित आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी में मिलेंगे।

विशेष दक्षता परीक्षण में दिखाया दमखम

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में बीते दिनों किसी कारणवश परीक्षण में शामिल होने से वंचित रहे खिलाड़ियों के लिए गुरुवार को दक्षता बैटरी टेस्ट आयोजित किया गया। इसमें 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 04 बालक और 11 बालिकाएं शामिल हुईं। परीक्षण में बीएमआई जांचने के साथ ही 800 मीटर दौड़, वर्टिकल जंप, शटल रन, 30 मीटर फ्लाइंग रन और मेडिसिन बॉल थ्रो गतिविधियां कराई गईं।

रामनगर में सरस मेला आज से

रामनगर। राजकीय महाविद्यालय रामनगर के मैदान पर शुक्रवार से पांच दिनी सरस मेला का आगाज हो जाएगा। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने बताया कि पहली बार रामनगर में ग्राम विकास विभाग व प्रशासन के सहयोग से यह मेला लगने जा रहा है। शुभारंभ रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट व लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट संयुक्त रूप से करेंगे। माया उपाध्याय देर शाम प्रस्तुति देंगी।

कवि त्रिलोचन और चंद्रकुंवर को किया याद

रामनगर। राजकीय इंटर कालेज ढेला में हिंदी के वरिष्ठ कवि त्रिलोचन को उनकी 109 वीं जयंती और छायावाद के कवि चंद्रकुंवर बर्त्वाल को उनकी 107 वीं जयंती पर याद किया गया। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कवि त्रिलोचन के बारे में छात्र-छात्राओं को दोनों के बारे में जानकारियां दीं। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज जोशी, हरीश कुमार, शैलेंद्र भट्ट, दिनेश निखुरपा, बालकृष्ण चंद, रांजीव कुमार, जया बाफिला, उषा पवार, हेमलता जोशी, नरेश कुमार मौजूद रहे।

कुमाऊं विवि ने रमेरिका को प्रदान की पीएचडी

हल्द्वानी। कुमाऊं विश्वविद्यालय ने अमेरिका ओलीगर को उनके शोध विषय 'ए स्टडी ऑन रूरल कंज्युमर्स परसेप्शन्स टुवर्ड्स द इम्पैक्ट ऑफ मोबाइल कॉमर्स इन द कुमाऊं रीजन ऑफ उत्तराखंड' पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि मोबाइल कॉमर्स अब केवल खरीदारी तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय लेन-देन और सरकारी सेवाओं का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने शोध प्रो. सीएस जोशी के निर्देशन में पूरा किया है। प्रो. अतुल जोशी, प्रो.आरसी डंगवाल, प्रावार्य प्रो. एमसी पाण्डे, प्रो. एनएस बनकोटी आदि ने बधाई दी।

अमित ने खाद्य प्रसंस्करण स्टार्टअप पर की पीएचडी

हल्द्वानी। कुमाऊं विश्वविद्यालय ने अमित कुमार टम्टा को अ स्टडी ऑन फूड प्रोसेसिंग स्टार्टअप्स इन उत्तराखंड: चैलेंजेस एंड अपॉर्च्यूनिटीज विषय पर पीएचडी प्रदान की है। उन्होंने शोध प्रो. सीएस जोशी के निर्देशन में पूरा किया। इस प्रो. अतुल जोशी, प्रो. एमसी पाण्डे, प्रो. एनएस बनकोटी ने बधाई दी है।

फुटबॉल: कुमाऊं कप में 32 टीमों के बीच होगा मुकाबला

नैनीताल, संवाददाता। नगर पालिका मनोरंजन क्लब की ओर से आयोजित द्वितीय कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को फ्लैट्स मैदान में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल और सभासदों ने किया। कुल 32 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

आयोजक सचिव विलाल अली ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी विजेता टीम को 50 हजार रुपये और ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उद्घाटन मैच श्रमजीवी संघ और गलगोटी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में श्रमजीवी संघ ने गलगोटी को 2-1 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। मैच में निर्णायक की भूमिका देवेंद्र बोरा, सुमित रौतेला और रविंद्र ने निभाई। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला अनिता एफसी और हिमालयन एफसी के बीच खेला गया। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, रवि प्रकाश जोशी, ललित मोहन पांडे, प्रतियोगिता अध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, भुवन बिष्ट, मोहन सिंह, हंसा बहुगुणा, रोहित भाटिया, टोनी रहे।

■ विजेता को 50 हजार और उपविजेता को 25 हजार रुपये मिलेगा पुरस्कार

शिक्षक नियुक्त की मांग, ज्ञापन दिया

भीमताल। राइंका गुनियालेख में स्थायी प्रधानाचार्य समेत शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने सीईओ रंजीत सिंह नेगी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। शर्मा ने कहा कि इंटर कॉलेज में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं। उन्होंने प्रधानाचार्य पद पर पूर्ण प्रभार के साथ नियुक्ति करने के साथ रिक्त विषयों में शिक्षकों की तैनाती जल्द से जल्द करने की मांग की।

आउटसोर्स कर्मियों के संबद्धीकरण की तैयारी

हल्द्वानी, मुख्य संवाददाता। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और उससे जुड़े अस्पतालों में आउटसोर्स के जरिए काम कर रहे करीब 520 कर्मचारियों के संबद्धीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने इसके लिए हल्द्वानी समेत रुद्रपुर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्यों की समिति बनाई है।

निदेशालय की ओर से जारी पत्र के मुताबिक, समीक्षा बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों को संबंधित मेडिकल कॉलेजों से जोड़ने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से जुड़े 520 कर्मचारियों को नियमों के अनुसार संबद्ध करने का प्रस्ताव तैयार किया जाना है।

पत्र में कहा गया है कि पहले पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज के निर्माण और संचालन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण वहां के मेडिकल कॉलेज को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया था। अब पिथौरागढ़ में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के संचालन और मान्यता की दिशा में बढ़ी प्रक्रिया को देखते हुए उसे भी संबद्धीकरण की कवायद में शामिल करने की बात कही गई है। निदेशालय ने संबंधित अधिकारियों को 24 अगस्त 2026 तक स्पष्ट प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा है।

इसके बाद आउटसोर्स कर्मचारियों के संबद्धीकरण को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। समिति में हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को अध्यक्ष और रुद्रपुर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्यों और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के डॉ. आरबी ओली को सदस्य बनाया गया है। यह आदेश निदेशक चिकित्सा शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किए गए हैं।

■ चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने चार मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों की समिति बनाई

कविताओं और देशभक्ति गीतों से गूंजा एचएन इंटर कॉलेज

हल्द्वानी। अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच हल्द्वानी इकाई की ओर से एचएन इंटर कॉलेज के सभागार में गुरुवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता जोशी 'पुष्पांजलि' ने की।

प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत ने रचनाकारों का स्वागत किया। हेमा हर्बोला ने संगीतबद्ध सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। रेखा त्रिवेदी ने फिल्मी दुनिया के आकर्षण, विमलेश गोस्वामी ने बेटियों की व्यथा, डॉ. बसंती रौतेला ने नारी-पुरुष के महत्व, अनुराधा पंत ने नारी शोषण और गीता पांडे ने प्रकृति के सौंदर्य पर रचना प्रस्तुत की। बीना जोशी 'हर्षिता' ने जीवन दर्शन, अमृता पांडे ने महिला-पुरुष समानता और डॉ. पुष्पलता जोशी ने रक्षाबंधन पर रचना सुनाई।

मानसिक स्वास्थ्य पर दिया जोर

हल्द्वानी। यूओयू में 7वें राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें परिवार को सशक्त बनाने, शैक्षणिक एवं जनसहार कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूजा हेडिया, डॉ. ललित मोहन पंत ने पारिवारिक संकट प्रबंधन और बुजुर्गों की भूमिका पर विचार रखे।

यूको बैंक (पहले सेवारत था यूनाइटेड) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) सत्यम शिवम सुन्दरम Honours Your Trust

अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001

(नियम-8 (6)) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रूप से उक्त नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को '' जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है '' के आधार पर दिनांक 11.09.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे (10 मिनट के असिमित स्वतः विस्तार सहित है) ई-नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चों की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	दिनांक एवं कब्जा का प्रकार	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बोली वृद्धि राशि
		शाखा : पिथौरागढ़ (3201), उत्तराखण्ड				
1.	**ऋणी :** श्री अफसर अली पुत्र मो. हफीज, **पता–** पुरानी बाजार शिव मंदिर के पास, पिथौरागढ़, पिन– 262501, उत्तराखंड, **संपत्ति का पताः** पुराना नशा मुक्ति केंद्र के पास लिन्धुरा पिथौरागढ़ उत्तराखंड, **सह–ऋणी** श्रीमती खुसनुमा पत्नी अफसर अली, **पता–** पुराना बाजार निकट शिव मंदिर, पिथौरागढ़, पिन– 262501, उत्तराखंड, **संपत्ति का पताः** पुराना नशा मुक्ति केंद्र के पास लिन्धुरा पिथौरागढ़, 262501 उत्तराखंड।	बंधक आवासीय मकान जिसका चिह्नित प्लॉट नंबर 3923, 3929, 3930,3931, 3933, 3947 मिन, खाता खतौनी नंबर 00028 एवं 00034, जिसका क्षेत्रफल 0.09 हेक्टेयर/87.50 वर्ग मीटर है जो श्रीमती खुषनुमा पत्नी श्री अफसर अली के नाम पर लिन्धुरा पट्टी महारखास, पिथौरागढ़, उत्तराखंड में पंजीकृत है, बिक्री विलेख विवरण पुस्तक संख्या 1, वॉल्यूम 1195 पृष्ठ 289–320, क्रमांक संख्या 83, दिनांक 23.01.2020 को सब–रजिस्ट्रार कार्यालय पिथौरागढ में पंजीकृत है, **सीमाएं:– पूर्व–** मोहम्मद सलीम का घर, **पश्चिम–** रास्ता, **उत्तर–** मानसिंह उर्फ महेन्द्र सिंह की खुली भूमि, **दक्षिण–** सी0सी0 मार्ग।	22.07.2026 **भौतिक कब्जा** **मांग सूचना की तिथि** 27.08.2024	रू0 20,49,802.99 + ब्याज दिनांक 27.08.2024 से और शुल्क	11.09.2026 दोपहर 01:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	रू0 28,70,000/- रू0 2,87,000/- रू0 50,000/-
				बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 11.09.2026 दोपहर 01 बजे से सायं 4:50 बजे तक		

संपति निरीक्षण की तिथि और समय 07.09.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कृपया श्री दीपक सिंह पर्तोलिया, शाखा प्रबन्धक, मो0- 9719341077 से सम्पर्क करें।

नियम एवं शर्तेः– 1. बिक्री प्रतिभूति हित पवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। पर उपलब्ध है। बिक्री से संबंधित नियमों व शर्तो की जानकारी दी गई वेबसाइड वेबपोर्टल: https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को '' जैसा है जहां है '' तथा '' जैसा है जो भी है '' '' जो कुछ भी है '' के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नही होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 11.09.2026 को दोपहर: 01:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की ओर से बोली लगाने हेतु प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार 07.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

दिनांक 20.08.2026 स्थान –पिथौरागढ़ प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

LIC HFL एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस हल्द्वानी पीलीकोठी, ईएनटी अस्पताल के पास कालाढूंगी रोड़ हल्द्वानी, उत्तराखण्ड– 263139
डिमांड नोटिस

धारा 13 (2) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत नोटिस

एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा निम्न सम्पत्ति को साम्यिक बंधक रखते हुये गृह ऋण प्रदान किया गया। **ऋणी /सह–ऋणी /गारंटर,** नियम एवं शर्तो के अनुसार ऋण की अदायगी करने में असफल रहे फलस्वरूप भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण खाता एनपीए की श्रेणी में वर्गीकृत हो गया। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बैंक देयों की वसूली हेतु सरफेयसी के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किया गया एवं रजिस्टर्ड पोस्ट /स्पीड पोस्ट के माध्यम से उधारकर्ता/गारंटर को भेजा गया। दिये गये पते से डाक वापस आने के कारण उक्त मांग नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है। **ऋणी/सह–ऋणी /गारंटर** को सूचित किया जाता है कि इस मांग नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर बैंक के समस्त देयों (ब्याज, वसूली व्यय एवं प्रभार आदि) को भुगतान करें अन्यथा समस्त देयों की वसूली हेतु **एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड** सरफेयसी अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की कब्जा एवं नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ करेगा। इसके अलावा, उक्त अधिनियम 13(13) के माध्यम से बिक्री/पट्टे या अन्यथा सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करना निषेद्ध होगा। **"उधारकर्ता(ओं) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।"**

क्र. सं.	ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर के नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस की दिनांक मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि एन.पी.ए. की दिनांक
1.	**ऋणी :–** श्रीमती नंदी शर्मा पत्नी श्री जगदीश शर्मा, **निवासी–** ग्राम–लुटाबाद नया गांव चौहंड, पो.ओ. रामनगर, काशीपुर, उत्तराखंड–263139, **सह–ऋणी:** श्री कुलदीप शर्मा पुत्र श्री जगदीश चंद्र शर्मा, **निवासी–** ग्राम–लुटाबाद नया गांव चौहंड, पो.ओ. रामनगर, काशीपुर, उत्तराखंड–263139, **गारंटर:** श्री मोहन सिंह रावत पुत्र श्री रतन सिंह रावत, **निवासी–** ग्राम बंबाघेर, पो.ओ. रामनगर, नैनीताल, उत्तराखंड–262534।	बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका एक किता आराणी खाता खतौनी नंबर 03, खसरा नंबर 393 एमआई, जो ग्राम लूटाबाद, परगना भावर चिल्किया, तहसील रामानगर, जिला नैनीताल मे स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1101.40 वर्ग फीट या 102.36 वर्ग मीटर है जो श्रीमती नंदी शर्मा पत्नी श्री जगदीश शर्मा के नाम पर है। **सीमाएंप्र-पूर्व–** प्रीताम सिंह मेहरा का मकान, **पश्चिम–** हीरा देवी मेहरा का मकान, **उत्तर–** 12 फीट, चौड़ा रास्ता, **दक्षिण –** रुग्मी देवी की भूमि।	06.08.2026 रू0 18,89,202.90 + भविष्य ब्याज एवं अन्य खर्चे लोन नं0–110700013424 110700011878 06.04.2026
2.	**ऋणी :–** श्रीमती भारती उप्रेती पत्नी श्री बाल कृष्ण दत्त, **निवासी–** मौलाना मोहम्मद अली रोड, ग्रीन वुड स्कूल, रामपुर, उत्तर प्रदेश–244901, **सह–ऋणी:** श्री बाल कृष्ण, पुत्र श्री जीत बहादुर गुरुंग, **निवासी –** मौलाना मोहम्मद अली रोड, ग्रीन वुड स्कूल, रामपुर, उत्तर प्रदेश–244901।	बंधक आवासीय सम्पत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका गाटा संख्या 27 खा मिन, जो ग्राम टिकटगंज, तहसील सदर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 97.107 वर्ग मीटर है और यह श्रीमती भारती उप्रेती दत्त पत्नी श्री बाल कृष्ण और श्री बाल कृष्ण पुत्र श्री जीत बहादुर गुरुंग के नाम पर है। **सीमाएंप्र-पूर्व–** श्रीकर लाल का प्लॉट, **पश्चिम –** 18 फुट चौड़ा रास्ता, **उत्तर–** विक्रेताओं की बची हुई भूमि, **दक्षिण –** 18 फुट चौड़ा रास्ता।	07.08.2026 रू0 37,54,439.46 + भविष्य ब्याज एवं अन्य खर्चे लोन नं0– 110700007614, 110700007634 16.04.2026
3.	**ऋणी :–** श्रीमती हेमा बिष्ट पत्नी श्री जगत सिंह, **निवासी–**मकान, नं12, **पता–** ग्राम मंगवोली, नैनीताल, उत्तराखंड–263601, **सह–ऋणी:** श्री जगत सिंह पुत्र श्री दीवान सिंह, **निवासी –** मकान नं0 12, ग्राम मंगवोली, नैनीताल, उत्तराखंड–263601, **गारंटर :** श्री महेंद्र नाथ गोस्वामी पुत्र श्री धर्म गोस्वामी, **निवासी –**अलवर, राजस्थान–301001.	बंधक आवासीय सम्पत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका खसरा नंबर 329 मिन, खाता खतौनी नंबर 107, जो ग्राम उदयपुरी बोपडा, परगना भावर चिल्किया तहसील रामनगर, जिला नैनीताल, उत्तराखंड में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 156.13 वर्ग मीटर है जो श्रीमती हेमा बिष्ट पत्नी जगत सिंह के नाम पर है, **सीमाएं–पूर्व–**अन्य व्यक्ति की भूमि, **पश्चिम–**रेखा रावत का प्लॉट, **उत्तर–** कच्ची सड़क 20 फीट (6.09 मीटर) चौड़ी, **दक्षिण–** अन्य व्यक्ति की भूमि।	10.08.2026 रू0 39,18,049.50 + भविष्य ब्याज एवं अन्य खर्चे लोन नं0–110700007791 09.02.2021
4.	**ऋणी :–** श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री कोमल सिंह,